(क) क्या यह सच है कि हिंडन हवाई अड्डे के बनाये जाने पर फरुख नगर को जाने वाली सड़क इस हवाई अड्डे के सीमा क्षेत्र में आ गई है और फरुख नगर के लिए अब तक कोई भी दूसरी सड़क नहीं बनाई गई है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि निस्तौली से फरुख नगर तक उस भूमि को भी, जिस पर कच्ची सड़क बनी हुई है, इस हवाई अड्डे के क्षेत्र में मिलाया जा रहा है और फरुख नगर के निवासी कुछ समय बाद इस सुविधा से वंचित हो जायेंगे; और

(ग) यदि हां, तो इस ऐतिहासिक नगर तक कब तक सड़क बनाई जायेगी और इसके अब तक न बनाये जाने के क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह): (क) जी हां । तदपि पक्की सड़क के निर्माण तक एक कच्ची सड़क का उपबन्ध किया गया है ।

(ख) निस्टोली से फरुख नगर तक की कच्ची सड़क हवाई अड्डे क्षेत्र में शामिल नहीं है ।

(ग) फरुख नगर को जाने वाली सड़क पर काम 14 अप्रैल, 1966 को आरम्भ किया गया था, परन्तु सड़क के मार्ग-रेखा-निर्धारण के सम्बन्ध में ग्रामीणों के प्रतिरोध के कारण त्याग दिया गया था । काम अब प्रगतिशील है और अन्त फरवरी 1967 तक सम्पूर्ण हो जाने की आशा है ।

चमरौल गांव में भूमि का अधिग्रहण

2006. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **प्रतिरक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मेरठ जिले में चमरौल गांव में अधिग्रहीत की गई भूमि का कुछ भाग खेती के लिये छोड़ दिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो उस भूमि को उसी गांव के निवासियों को देने की बजाय दूसरे गांव के निवासी एक ठेकेदार को दिये जाने के क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार भविष्य में वहां से हटाये गये कृषकों अथवा उन की सहकारी समितियों को भूमि देने की व्यवस्था कर रही है, जैसा कि मुराद नगर आयुध कारखाने के लिये अधिग्रहीत की गई भूमि के बारे में किया गया था ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह): (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) प्रायोजना के लिए अवाप्त भूमि का कोई भी भाग पट्टे पर दिए जाने के लिए प्राप्य नहीं है । चूंकि अवाप्त भूमि क्षेत्रों के लिए भूस्वामियों को मार्केट में प्राप्य पूरा मूल्य दिया जा रहा है, उन्हें वैकल्पिक भूमि देने का प्रश्न नहीं उठता ।

Emergency Session of Underground Nagas

2007. **Shri Brij Basi Lal:**
Shri P. C. Borooah:
Shri Vishwa Nath Pandey:
Shri Ram Swarup:
Shri Balgovind Verma:
Shri Braj Behari Mehrotra:

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state:

(a) whether Government have any information about the proceedings of the recent 3-day Emergency session of the underground Nagas so-called "Parliament"; and

(b) if so, what is Government's information and reaction thereto?

The Minister of External Affairs (Shri M. C. Chagla): (a) No authentic report is available. However Government have seen the press reports.

(b) Governments position with regard to Nagaland is well known.